# उद्योग सूचकांक दिसंबर में 3 .8% बढ़ा

## कोयला, गैस, सीमेंट और बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी से आई तेजी

**नई दिल्ली, 22 दिसंबर. देश के आठ प्रमुख उद्योगों के प्रदर्शन में दिसंबर 2021 के दौरान मजबूती देखने को मिली है. उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, आठ प्रमुख उद्योगों का संयुक्त सूचकांक दिसंबर 2021 में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत बढ़ा है.**



इस दौरान कोयला, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, सीमेंट और बिजली उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई. डीपीआईआईटी के आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2021 में आठ कोर उद्योगों का संयुक्त सूचकांक 141.3 रहा, जो दिसंबर 2020 की तुलना में 3.8 प्रतिशत अधिक है. ये आठ कोर उद्योग—कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली—औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के कुल भारांक का 40.27 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं, जिससे इनका प्रदर्शन देश की औद्योगिक सेहत का अहम संकेतक माना जाता है.

रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2021 के लिए आईसीआई की वृद्धि दर को अनंतिम 4.4 प्रतिशत से संशोधित कर 5.4 प्रतिशत कर दिया गया है. वहीं अप्रैल से दिसंबर 2021 की अवधि में कोर उद्योगों की संचयी वृद्धि दर 12.6 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में बेहतर प्रदर्शन को दर्शाती है.

> उद्योगवार आंकड़ों पर नजर डालें तो दिसंबर 2021 में कोयला उत्पादन 5 .2 प्रतिशत बढ़ा, जबकि प्राकृतिक गैस उत्पादन में उल्लेखनीय 19 .5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई . पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद 5 .9 प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन 12.9 प्रतिशत बढ़ा. बिजली उत्पादन में भी 2 .5 प्रतिशत की वृद्धि हुई .

# क्रेडिट कार्ड नियम बदले, खर्च पड़ेगा भारी

**नई दिल्ली. 22 दिसंबर नए साल की शुरुआत से पहले ही आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड यूजर्स के लिए एक अहम खबर सामने आई है. अगर आप आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं, तो जनवरी 2026 से आपकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है.**

बैंक ने अपने लगभग सभी रिटेल क्रेडिट कार्ड्स के लिए शुल्क, रिवॉर्ड स्ट्रक्चर और कई सुविधाओं में बड़े बदलावों का ऐलान किया है. इन बदलावों के तहत जहां कुछ ट्रांजैक्शंस पर पहले से ज्यादा चार्ज वसूला जाएगा, वहीं कई लोकप्रिय कार्ड्स पर मिलने वाले रिवॉर्ड पॉइंट्स और ऑफर्स को सीमित या खत्म कर दिया गया है. बैंक के मुताबिक ये नए नियम जनवरी और फरवरी 2026 के बीच चरणबद्ध तरीके से लागू होंगे. ऑनलाइन गेमिंग, थर्ड पार्टी वॉलेट लोड, ट्रांसपोर्ट बुकिंग और सुपर-प्रीमियम कार्डधारकों से जुड़े बदलाव इस बार सबसे ज्यादा चर्चा में हैं. खासतौर पर एमराल्ड सीरीज कार्ड यूजर्स को नए नियमों से बड़ा झटका लग सकता है. ऐसे में नए साल से पहले इन बदलावों को समझना हर कार्डधारक के लिए जरूरी हो गया है. आईसीआईसीआई बैंक ने हाल के वर्षों में अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो में सबसे व्यापक बदलावों की घोषणा की है. क्रेडिट कार्ड रूल चेंज के तहत सबसे बड़ा बदलाव ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े लेन-देन को लेकर किया गया है. यह नियम भविष्य में आने वाले इसी तरह के अन्य गेमिंग मर्चेंट्स पर भी लागू रहेगा. इसके अलावा सुपर-प्रीमियम एमराल्ड कार्डधारकों को भी बड़ा झटका लगा है. एमराल्ड मेटल, एमराल्ड प्राइवेट और एमराल्ड पीवाईसी कार्ड पर डायनेमिक करेंसी कन्वर्जन चार्ज को बढ़ाकर 2 फीसदी कर दिया गया है. वहीं एमराल्ड मेटल कार्ड यूजर्स को अब सरकारी सेवाओं, फ्यूल, रेंट, टैक्स पेमेंट और थर्ड पार्टी वॉलेट ट्रांजैक्शंस पर कोई रिवॉर्ड पॉइंट नहीं मिलेगा. इसके साथ ही नए ऐड-ऑन कार्ड के लिए 3,500 का एकमुश्त शुल्क भी तय किया गया है. नए नियमों के तहत ट्रांसपोर्टेशन खर्च पर मिलने वाले रिवॉर्ड की भी लिमिट तय कर दी गई है.

> एमराल्ड, एमराल्ड प्राइवेट, सैफिरो और रुबिक्स कार्ड पर अब 20,000 प्रति माह तक के ट्रांसपोर्ट खर्च पर ही रिवॉर्ड मिलेगा. वहीं कोरल, प्लेटिनम, सीएसके, मैनचेस्टर यूनाइटेड और अन्य मिड-रेंज कार्ड्स पर यह सीमा 10,000 प्रति माह तय की गई है. इसका सीधा असर रेल और बस टिकट बुकिंग करने वाले यूजर्स पर पड़ेगा. थर्ड पार्टी वॉलेट्स को लेकर भी सख्ती बढ़ा दी गई है. अब अमेजन पे पेटीएम मोबिक्विक, फ्रीचार्ज और ओलमोनी जैसे वॉलेट्स में 5,000 या उससे अधिक लोड करने पर 1% शुल्क देना होगा. मनोरंजन से जुड़े ऑफर्स भी पहले जैसे नहीं रहेंगे. बुकमाईशो का लोकप्रिय बायीं वन गेट वन ऑफर अब बिना शर्त नहीं मिलेगा. इस सुविधा के लिए पिछली तिमाही में कम से कम 25,000 खर्च करना जरूरी होगा. वहीं फरवरी 2026 से इंस्टेंट प्लैटिनम कार्डधारकों के लिए यह सुविधा पूरी तरह बंद कर दी जाएगी.

# डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने जुटाई 130 करोड़ रुपए की पूंजी

**नई दिल्ली, 22 दिसंबर.** छोटे ऋण देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी-एमएफआई) डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से 130 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है. कंपनी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह रणनीतिक कदम कंपनी की विस्तार योजनाओं में मददगार होगा और बैंकिंग से वंचित तथा बैंकिंग तक सीमित पहुंच रखने वाले लोगों को किफायती ऋण उपलब्ध कराने की उसकी क्षमता को और मजबूत करेगा. इस फंडिंग का उपयोग कंपनी के ऋण पोर्टफोलियो को मजबूत करने, नये क्षेत्रों में परिचालन विस्तार, डिजिटल अवसंरचना में निवेश तथा सूक्ष्म उद्यमियों, छोटे व्यापारियों और कम-आय वर्ग के परिवारों को बेहतर सेवायें प्रदान करने के लिए किया जायेगा.

# भारतीय शेयर बाजारों में दिखी तेजी

**638** अंक से उछला सेंसेक्स

**206** अंक से आगे रहा निफ्टी

**मुंबई, 22 दिसंबर. विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.12 अंक (0.75 प्रतिशत) उछलकर 85,567.48 अंक पर बंद हुआ.**



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 206 अंक यानी 0.79 फीसदी की बढ़त में 26,172.40 अंक पर पहुंच गया. यह दोनों सूचकांकों का 05 दिसंबर के बाद का उच्चतम स्तर है.

मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने खूब पैसा लगाया. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.76 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100.17 प्रतिशत मजबूत हुआ. टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही.

आईटी और धातु सेक्टरों में सबसे अधिक तेजी रही. रसायन, ऑटो, फार्मा, स्वास्थ्य और तेल एवं गैस समूहों में भी अच्छी मजबूती देखी गयी. सेसेक्स में ट्रेंट का शेयर करीब साढ़े तीन प्रतिशत और इंफोसिस का तीन प्रतिशत चढ़ा.

## चावल, चीनी, दालें मजबूत खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली, 22 दिसंबर (वार्ता)** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये जबकि गेहूं में गिरावट रही. चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही. वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया. औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 113 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी. गेहूं 14 रुपये टूटकर 2,856 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर आ गयी. आटे की कीमत 13 रुपये घट गयी. दाल-दलहनों में तेजी रही. तुअर दाल की कीमत औसतन 207 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी.

## श्रीराम फाइनेंस वाहन फाइनेंसिंग पर फोकस जारी रखेगी

**नयी दिल्ली.** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने जापान के एक बैंक से करीब 4.4 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा के बाद बैंकिंग में जाने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि हम इस काम में खुश हैं और कंपनी फिलहाल वाहन फाइनेंसिंग पर फोकस जारी रखेगी. कंपनी ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि जापान का एमयूएफजी बैंक 39,618 करोड़ (लगभग 4.4 अरब डॉलर) के निवेश के साथ कंपनी में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगा. इस निवेश को नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है. कार्यकारी उपाध्यक्ष उमेश रेवणकर ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बैंकिंग क्षेत्र में उतरने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा, बैंकिंग लाइसेंस के बारे में फिलहाल कोई चर्चा नहीं हुई है.

# लोन लेने वालों को फिर मिलेगी राहत

**नयी दिल्ली, 22 दिसंबर. केंद्रीय बजट 2026 को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और इसी बीच एक बड़ा सवाल सामने आ रहा है- क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को, जो कि रविवार है, संसद में बजट पेश करेंगी ? आमतौर पर बजट कार्यदिवस में पेश किए जाने की परंपरा रही है, लेकिन हाल के वर्षों में सरकार ने इस परंपरा को लेकर लचीलापन दिखाया है.**



दरअसल, 1 फरवरी 2026 रविवार को पड़ रहा है और ऐसे में बजट की तारीख को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. हालांकि सरकार की ओर से मिले संकेत बताते हैं कि यदि संसद सत्र को लेकर सभी औपचारिक तैयारियां पूरी रहती हैं, तो रविवार को बजट पेश किया जा सकता है.

> भारतीय रिजर्व बैंक ने भी 2025 में कई बार रेपो रेट में कटौती की है, जिसमें फरवरी में 0 .25प्रतिशत की कटौती शामिल है, और दिसंबर 2025 की मीटिंग में भी 0 .25प्रतिशत की कमी करके इसे 5 .25प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे लोन सस्ते हुए हैं और लोगों की ईएमआई में राहत मिली है . यह कटौती अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए की गई है, जिससे भविष्य में और भी कटौती की उम्मीद है, अगर महंगाई आरबीआई के लक्ष्य में रहती है . यदि ऐसा होता है, तो संसद का विशेष सत्र बुलाकर रविवार को बजट पेश किया जाएगा . विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था में बजट पेश करने के लिए किसी विशेष कानूनी बाधा का सामना नहीं करना पड़ता, चाहे वह दिन रविवार ही क्यों न हो .

# साल भर में सोने-चांदी के दाम में आया भारी उछाल

**राउंडअप 2025**

**नई दिल्ली, 22 दिसंबर. सोने और चांदी की लगातार बढ़ती कीमतों ने देशभर के लोगों की चिंता बढ़ा दी है. आम आदमी से लेकर खास वर्ग तक, हर कोई महंगे होते आभूषणों की मार झेल रहा है. सबसे ज्यादा असर मिडिल क्लास परिवारों पर पड़ा है, जिनके लिए शादी-ब्याह और त्योहारों में सोना-चांदी खरीदना अब मुश्किल होता जा रहा है.** कभी सुरक्षित निवेश माने जाने वाले ये धातु अब आम लोगों की पहुंच से दूर होती नजर आ रही हैं. बाजार में रोज बदलते दाम घरेलू बजट को बिगाड़ रहे हैं और लोगों को खरीदारी टालने पर मजबूर कर रहे हैं. 21 दिसंबर को सोने के दाम जहां स्थिर रहे थे, वहीं 22 दिसंबर 2025 को कीमतों में हल्की नरमी आई है. दूसरी ओर, चांदी ने 21 दिसंबर की तेज़ी के बाद 22 दिसंबर को थोड़ा ब्रेक लिया है. कुल मिलाकर दिसंबर के आखिरी हफ्ते में कीमती धातुओं के बाजार में सीमित दायरे में ही कारोबार हो रहा है.



**चांदी की कीमतों में अब हल्की राहत देखने को मिली** - लगातार तेज़ी के बाद चांदी की कीमतों में अब हल्की राहत देखने को मिली है. 21 दिसंबर को चांदी 214 रुपये प्रति ग्राम के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई थी, लेकिन 22 दिसंबर को इसमें मामूली गिरावट दर्ज की गई. ताजा भाव के अनुसार चांदी 213.90 रुपये प्रति ग्राम पर आ गई है. इस गिरावट के साथ ही एक किलो चांदी की कीमत घटकर 2,13,900 रुपये हो गई है, यानी एक दिन में करीब 100 रुपये की नरमी दर्ज की गई है. बाजार जानकारों के मुताबिक यह गिरावट मुनाफावसूली और अंतरराष्ट्रीय संकेतों के कारण आई है. हालांकि, देश के कुछ हिस्सों में चांदी अब भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है. चेन्नई, हैदराबाद और केरल जैसे दक्षिणी राज्यों में चांदी के भाव बाकी शहरों की तुलना में ज्यादा हैं. अगर दिसंबर की शुरुआत से अब तक की चाल देखें तो चांदी ने करीब 13.78 प्रतिशत की तेज़ बढ़त दर्ज की है. यही वजह है कि हालिया गिरावट के बावजूद निवेशकों की दिलचस्पी चांदी में बनी हुई है.

### अब खरीदार क्या सोचें?

फिलहाल सोने में हल्की नरमी और चांदी में ठहराव देखने को मिल रहा है . ऐसे में जो लोग शादी या निवेश के लिए खरीदारी की योजना बना रहे हैं, उनके लिए यह समय दामों पर नजर रखने का है, क्योंकि छोटे बदलाव भी आगे चलकर बड़ा असर डाल सकते हैं .

### भारत के प्रमुख शहरों में आज 1 ग्राम सोने के भाव इस प्रकार हैं

**चेन्नई** में 24 कैरेट सोने की कीमत 13,527 रुपये प्रति ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना 12,399 रुपये और 18 कैरेट सोना 10,344 रुपये प्रति ग्राम के भाव पर बिक रहा है .

**मुंबई** में 24 कैरेट सोने का दाम 13,417 रुपये प्रति ग्राम दर्ज किया गया है . वहीं 22 कैरेट सोना 12,299 रुपये और 18 कैरेट सोना 10,063 रुपये प्रति ग्राम के स्तर पर है . दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 13,432 रुपये प्रति ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना 12,314 रुपये और 18 कैरेट सोना 10,078 रुपये प्रति ग्राम बिक रहा है .

**कोलकाता** में भी 24 कैरेट सोने का भाव 13,417 रुपये प्रति ग्राम है . यहां 22 कैरेट सोना 12,299 रुपये और 18 कैरेट सोना 10,063 रुपये प्रति ग्राम के भाव पर उपलब्ध है .

**बेंगलुरु** में 24 कैरेट सोना 13,417 रुपये प्रति ग्राम पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 12,299 रुपये और 18 कैरेट सोने की कीमत 10,063 रुपये प्रति ग्राम है .

### निवेशकों को सोना ने दिया जबरदस्त रिटर्न

साल 2025 सोने और चांदी के निवेशकों के लिए यादगार साबित हुआ . इस वर्ष दोनों कीमती धातुओं ने रिकॉर्ड स्तर छुए और निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया . वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अनिश्चितता और डॉलर की कमजोरी के बीच निवेशकों ने सोना-चांदी को सुरक्षित निवेश के तौर पर चुना, जिसका सीधा असर कीमतों पर दिखा . 2025 में सोने ने लगभग 65-68 प्रतिशत तक की मजबूती दिखाई और घरेलू बाजार में यह रु .1 लाख प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया . साल के अंत तक दिल्ली में सोने की कीमत करीब रु .1 .24 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई . अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोना डॉलर 4,000 प्रति औंस के पार कारोबार करता दिखा . वहीं चांदी ने रिटर्न के मामले में सोने को भी पीछे छोड़ दिया . इस साल चांदी ने 100 से 130 प्रतिशत तक का बंपर रिटर्न दिया . सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक व्हीकल और एआई जैसी इंडस्ट्री में बढ़ती औद्योगिक मांग और आपूर्ति की कमी ने चांदी की कीमतों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया .

# साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''

(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांकः एसईसीएल/जको/एस.ओ.(एचआर)/2025/1380 | दिनांक 08.12.2025

## सूचना

**परियोजना का नाम - आमाडांड खुली खदान परियोजना भू-स्वामियों के द्वारा रोजगार हेतु नामित भू-आश्रित का विवरण**

आमाडांड खुली खदान परियोजना से प्रभावित **निमहा व मझौली** के भू-स्वामियों द्वारा एस.ई.सी.एल. में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 एवं एस.ई.सी.एल. मॉडलटीज के तहत घटते क्रम में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

**Sanction order SECL/BSP/MP/LAND/J&K/2025/E-1710705/2031 Dated 28/29.11.2025 of Nimha - Village**

| Sr. No. | Name of the landowner, owner, Plot No., Area Acquired | Pre-revised ADoL Sl. No. | Revised ADol Sl. No. | Employment consumed | Name of the person approved for employment/Relationship with land owner/date of birth/cast | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोमल, हीरा सिंह पिता कन्हू उर्फ मैकू, सुशीला पुत्री कन्हू उर्फ मैकू मु. रामवती बेवा कन्हू उर्फ मैकू गोंड<br>Plot No. / Land in Ha.<br>30/1k - 1.239<br>296 - 0.154<br>316 - 0.817<br>1027 - 0.154<br>1129 - 0.121<br>Total - 2.485 ha. (6.14 Ac.) | 22 (03) | 22 (03) | 03 | **1. हीरा लाल सिंह पिता मैकू सिंह**<br>**संबंध** - स्वयं<br>**जाति** - गोंड (एस.टी.)<br>**जन्मतिथि** - 03.04.1995 (As per HSC Fail MS)<br>**शिक्षा** - 10th fail<br>**आधार** - 4573 8265 0857<br>**2. सुशीला बाई पिता मैकू सिंह**<br>**संबंध** - स्वयं<br>**जाति** - गोंड (एस.टी.)<br>**जन्मतिथि** - 02.02.1990 (As per HSC MS)<br>**शिक्षा** - 10th<br>**आधार** - 6909 0734 9388<br>**3. कमलेश सिंह पिता कोमल सिंह**<br>**संबंध** - पुत्र<br>**जाति** - गोंड (एस.टी.)<br>**जन्मतिथि** - 02.07.1994 (As per HSC Fail MS)<br>**शिक्षा** - 10th fail<br>**आधार** - 9820 7568 5559 | 1. Age/DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 Dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP)<br>2. As Sushila bai has obtained his education from Prayag mahi a Vidyalaya Allahabad hence the genuinity/recognition of the same should be verified for the year of passing before issue of offer of appointment and if the institute found to be genuine/recognized for the year of passing the date of birth may be recorded as mentioned in the educational certificate or else the Age/DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP). |
| 2 | बूधा बेवा बट्टू, शेर सिंह, बत्ती बाई पिता बट्टू सिंह गोंड़<br>Plot No. / Land in Ha.<br>248/1/1k - 0.202<br>325/1 - 0.206<br>1264/3 - 0.081<br>1274/2/1 - 0.425<br>Total - 0.914 ha. (2.26 Ac.) | 83 (01) | 82 (01) | 01 | **4. उर्मिला बाई सिंह गोंड़ पिता धन्नू सिंह**<br>**संबंध** - पुत्री (विवाहित)<br>**जाति** - गोंड (एस.टी.)<br>**जन्मतिथि** - 08.10.1993 (As per HSC MS)<br>**शिक्षा** - 10th<br>**आधार** - 3632 6746 7198 | Age/DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 Dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP) |
| 3 | दुईजी बेवा मैकू, टुब्बल पतौली, फुलवासा पुत्री मैकू पनिका<br>Plot No. / Land in Ha.<br>91/1 - 0.093<br>383/3 - 0.049<br>386/2 - 0.186<br>Total - 0.328 ha. (0.81 2Ac.) | | 265 (01) | 01 | **5. दुर्गावती पिता टुब्बुल प्रसाद**<br>**संबंध** - पुत्री (विवाहित)<br>**जाति** - पनिका (एस.टी.)<br>**जन्मतिथि** - 07.03.2000 (As per HSC MS)<br>**शिक्षा** - B.Com.<br>**आधार** - 9411 1790 0058 | 1. Age/DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 Dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP) |

**Sanction order SECL/BSP/MP/LAND/J&K/2025/E-1659253/2036 Dated 28/29.11.2025 of Nimha - Village**

| Sr. No. | Name of the landowner, owner, Plot No., Area Acquired | Pre-revised ADoL Sl. No. | Revised ADol S. No. | Employment consumed | Name of the person approved for employment/Relationship with land owner/date of birth/cast | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोती पिता मुनेश्वर सिंह गोंड़<br>Plot No. / Land in Ha.<br>363/1kh - 0.168<br>1108/1kh - 0.147<br>Total - 0.315 ha. (0.78 Ac.) | 269 (01) | 269 (01) | 01 | **मंगल सिंह पिता घासीराम**<br>**संबंध** - पुत्री का पुत्र (मोती का नाती)<br>**जाति** - गोंड (एस.टी.)<br>**जन्मतिथि** - 25.08.1996 (As per 5th MS)<br>**शिक्षा** - 5th<br>**आधार** - 4493 4214 0469 | Age/DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 Dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP) |

**Sanction order SECL/BSP/MP/LAND/J&K/2025/E-1804729/2032 Dated 28/29.11.2025 of Nimha - Village**

| Sr. No. | Name of the landowner, owner, Plot No., Area Acquired | Pre-revised ADoL Sl. No. | Revised ADol S. No. | Employment consumed | Name of the person approved for employment/Relationship with land owner/date of birth/cast | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नरेश सिंह, भान सिंह, गणेश सिंह पिता गोकुल सिंह<br>Plot No. / Land in Ha.<br>1107/1 - 0.212<br>1203 - 0.841<br>1167 - 0.174<br>270 - 0.117<br>372/1/1 - 0.117<br>332 - 0.433<br>362/1 - 0.210<br>330/1 - 0.081<br>Total - 2.185 ha. (5.40 Ac.) | 31 (02) | 31 (02) | 02 | **1. देववती पिता नरेश सिंह**<br>**संबंध** - पुत्री (अविवाहित)<br>**जाति** - गोंड (एस.टी.)<br>**जन्मतिथि** - 30.10.2001 (As per HSC MS)<br>**शिक्षा** - B.Sc. & DCA<br>**आधार** - 3651 2355 3136<br>**2. रेखा पिता भान सिंह**<br>**संबंध** - पुत्री (विवाहित)<br>**जाति** - गोंड (एस.टी.)<br>**जन्मतिथि** - 07.03.2001 (As per HSC MS)<br>**शिक्षा** - 10th<br>**आधार** - 7316 5317 3906 | Age/DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 Dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP) |
| 2 | केशव प्रसाद पिता बेसाहू भरिया<br>Plot No. / Land in Ha.<br>70/3 - 0.246<br>Total - 0.246 ha. (0.61 Ac.) | 319 (01) | 319 (01) | 01 | **3. केशव प्रसाद भरिया पिता बेसाहू भरिया**<br>**संबंध** - स्वयं<br>**जाति** - भरिया (एस.टी.)<br>**जन्मतिथि** - Age to be determined by ADC.<br>**शिक्षा** - Illiterate<br>**आधार** - 3361 0788 0665<br>**Indicative DoB** - 01.01.1985 (As per Aadhar) | Age/DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 Dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP) |

**Sanction order SECL/BSP/MP/LAND/J&K/2025/E-2022044/2037 Dated 28/29.11.2025 of Majhouli - Village**

| Sr. No. | Name of the landowner as per Adol & as certified by L&R Department | S.No. of ADOL/No. of (employments admissible) | Details of persons approved for employment | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमोल सिंह पिता भवन सिंह<br>Plot No. / Land in Ha.<br>200/1/kh/5/2p - 0.405<br>Total - 0.404 ha./ 1.00 Ac. | 21 (01) | **अजय सिंह पिता अमोल सिंह**<br>**Relation** - Son<br>**Cate** - Gond (ST)<br>**D.O.B.** - 12.03.2004 (As per HSC MS)<br>**Education** - 10th<br>**Aadhar** - 7909 4727 0149 | Age/DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 Dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP) |
| 2. | कमली बाई पति श्याम कुमार महरा<br>Plot No. / Land in Ha.<br>178/1 - 0.352<br>Total - 0.352 ha./ 0.869 Ac. | 28 (01) | **प्रदीप कुमार महरा पिता श्याम कुमार महरा, माता - कमली बाई**<br>**Relation** - Son<br>**Cate** - Mahra (SC)<br>**D.O.B.** - 02.06.1998 (As per HSC MS)<br>**Education** - M.Sc. & B.Ed.<br>**Aadhar** - 6171 5980 1507 | Age/DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 Dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP) |

उपरोक्त भू स्वामियों/आश्रितों के रोजगार पर यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो स्टॉफ अधिकारी (एच.आर.), एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र, पोस्ट जमुना कॉलरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.) के पास सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर आवश्यक वैध दस्तावेजों के साथ लिखित रुप में अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं, यदि निर्धारित समयावधि के बीच कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त होती है तो गुणवत्ता के आधार पर समस्त मामलों का निराकरण कर दिया जायेगा।

**स्टॉफ अधिकारी (एच.आर.), जमुना कोतमा क्षेत्र**